उत्तर प्रदेश में प्रत्येक बुधवार शक्ति दीदी देंगी समाधान

चर्चा में क्यों?

8 अक्तूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिये योगी सरकार ने नई मुहिम शुरू की है, जिसके तहत प्रत्येक बुधवार शक्ति दीदी गाँव और शहरों में विभिन्न स्थानों पर जाकर समाधान देंगी।

प्रमुख बिंदु

- प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन दो महिला पुलिसकर्मियों (शक्ति दीदी) की टीम गाँव और शहरों में विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में जानकारी देंगी और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर उनकी समस्याओं का निदान भी कराने का प्रयास करेंगी।
- ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर भी मौजूद रहेंगी।
- शक्ति दीदी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में बताएंगी। ये महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी भी देंगी।
- शक्ति दीदी सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर और फोरम की जानकारी भी देंगी। शहरी क्षेत्रों में भी ऐसी कार्ययोजना बनेगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shakti-didi-will-give-solution-every-wednesday-in-uttar-pradesh